दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 10 अगस्त 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना संक्रमण के चलते जेलों में बंद कैदी नही मनाएंगे रक्षाबंधन

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की जेलों में इस बार भी रक्षा बंधन का पर्व सूखा रहेगा। जेल में बंद कैदियों की बहनों की अरमान पर इस बार भी कोरोना का ग्रहण लग गया है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए जेल मुख्यालय ने पिछले दो साल की तरह इस बार भी कैदी भाइयों के लिए रक्षा-बंधन पर्व का आयोजन नहीं करने का फैसला लिया है। लिहाजा, बहनों के लिए जेल प्रबंधन ने परिसर के बाहर बाक्स लगा दिया है, जहां लिफाफों में अपने भाइयों के लिए राखी रखकर बिना मुलाकात के ही लौट जाएंगी। जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित होने वाले राखी बांधने के कार्यक्रम को इस साल फिर से निरस्त कर दिया है। यह तीसरा साल होगा, जब जेल परिसर रक्षाबंधन पर्व के दिन सूना रहेगा। जेल परिसर में नई व्यवस्था के तहत अलग-अलग बाक्स रखे जाएंगे। इसमें कैदियों की बहनें अपने भाइयों के नाम-पता लिखकर राखी बाक्स डालेंगी। लिफाफों में राखी के साथ टीका और चावल दे सकती हैं। उन्हें पूरी तरह सैनिटाइज कर बंदियों को तक पहुंचाया जाएगा।

### सेंट्रल जेल में कैदी ने लगाई फांसी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के सेंट्रल जेल में एक कैदी ने अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या रक ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृत कैदी का नाम महेन्द्र जायसवाल है। महेन्द्र को साल 2018 में धारा 307 के तहत जेल की सजा हुई थी। वह मानसिक रूप से बीमार भी था, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। बताया जाता है कि महेन्द्र ने अस्पताल के ही सेल में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

### 47 लाख का गबन करने वाला कैशियर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** भनपुरी स्थित वेयर हाउस में 47 लाख का गबन करने वाला कैशियर को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख 18 हजार रुपए जब्त किया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुंबई निवासी प्रार्थी वसीम हसन शेख 40 वर्ष ने थाने में शिकायत की थी कि रिलायंस जियो मार्ट के सीएबीटी प्रा.लि. के वेयर हाउस भनपुरी में कैशियर रेश्म लाल फेकर के द्वारा जियो मार्ट के प्रोडेक्ट ब्रिकी राशि 4745820 रूपये को गबन किया है। जिससे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रेशम लाल फेकर को बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम कुसमुंडी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 47,45,820 रुपए का गबन किया था। जिससे अपने गृह ग्राम अर्जुनी थाना भाठापारा में मकान निर्माण में 10 लाख रुपए, ग्राम कोकड़ी में 10 लाख 50 हजार रुपए का जमीन खरीदना व कश्मीर, उ.प्र. महाराष्ट्र, केरल घुमने में 2 लाख रुपए खर्च करना बताया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### लालच देकर महिला से 53 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** इंटरनेशनल ट्रेडिंग फर्म पर पैसा निवेश करने पर 4 गुना अधिक रकम कमाने का लालच देकर महिला से 53 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता भामकर 46 वर्ष खोखोपारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि उसी मोहल्ले में रहने वाली आरोपिया दयानिधि ने प्रार्थिया को अपने झांसे में लिया और कहा कि आप इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी पर पैसा निवेश करोगे, तो 3-4 माह में रकम चार गुना होकर मिलेगा। जिससे प्रार्थिया उसके झांसे में आ गई और नेट बैंकिग के माध्यम से प्रार्थिया ने 53 लाख रुपए आरोपिया को दे दिया। जिससे आरोपिया दयानिधि पैसे लेकर फरार हो गई।

### सरपंच पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला

**महासमुंद (आरएनएस)।** होटल के पास खड़े कनेकेरा सरपंच पर तीन लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम कनेकेरा निवासी सरपंच नीलकंठ साहू ने बताया कि वे 7 अगस्त दोपहर करीब पौने 3 बजे कनेकेरा से महादेव घाट के पास बाइक से जा रहा था, जमुना होटल के पास पहुंचा था तभी वहां पहले से खड़े तीन युवकों में से एक ने कुछ दिन पूर्व गाली देने की बात कहते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और चाकू से वार कर तीनों ने मारपीट की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

# हमारी सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने का कार्य किया- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**❒ सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित**

**रायगढ़।** हमारी सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के साथ ही हमने आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए कार्य किए। आदिवासी हितों के लिए ऐसे कार्य किए गए जो राज्य बनने के बीस वर्षों में नहीं हुए। हमारी सरकार ने पेसा कानून को पूरी तरह क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाए और यह खुशी की बात है कि 08 अगस्त को इसका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में भी हो गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। रायगढ़ जिले से जनप्रतिनिधि व हितग्राही इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए सबसे पहले विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मां दंतेश्वरी और बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित आदि विद्रोह एवं अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अचानकमार टाईगर रिजर्व जिला मुंगेली के पांच गांवों महमाई, बाबूटोला, बम्हनी, कटामी, मंजूरहा, सीतानदी टाइगर रिजर्व धमतरी के ग्राम लिखमा, बिनयाडीह, मैनपुर, उदंती टाइगर रिजर्व जिला गरियाबंद के ग्राम कुल्हाड़ीघाट, कठवा को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय से होंगे। इस 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी। गांवों के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का भी उन्हें अधिकार होगा। पेसा कानून पहले से था, इसके नियम नहीं बनने के कारण इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब नियम बन जाने से वे अपने जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद फैसला ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समुदायिक अधिकार मान्यता पत्र और व्यक्तिगत मान्यता पत्र का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार मान्यता पत्र के तहत आदिवासियों और वन क्षेत्रों के परंपरागत निवासियों को दी गई भूमि के विकास और उपयोग तथा उनके अधिकारों के संबंध में गांव-गांव में ग्राम सभाओं के माध्यम से 15 अगस्त से 26 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे वे वनों के संरक्षण और विकास में बेहतर योगदान देने के साथ वनोपजों के संग्रहण और वैल्यू एडिशन से अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री को बताया कि ग्रामीणों-आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की खोलने की शुरूआत की है, वहां पर ग्रामीण वनोत्पादों को प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से प्रसंस्कृत कर वैल्यू एडिशन किया जाएगा, इससे उनकी वनोत्पादों की अच्छी कीमत मिलेगी और आदिवासियों की आय में वृद्धि भी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कार्य किया है। पहले बस्तर मलेरिया के नाम से जाना जाता था, हर वर्ष मलेरिया के कारण सैकड़ो लोग बीमार हो जाते थे, जाने भी चली जाती थी, लेकिन हमने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान चलाया, जिसके परिणाम दिखने लगे हैं और अब 65 प्रतिशत लोग मलेरिया से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सुदृढ़कीरण किया। हाट-बाजार क्लीनिक योजना से बस्तर की अंदरूनी क्षेत्रों में निवासियों को इलाज की सुविधा मिलने लगी, इसका परिणाम यह हुआ कि जिस बस्तर जहां हर बरसात में उल्टी-दस्त के कई प्रकरण देखने को मिलते थेए उन क्षेत्रों में काफी कमी आई है।

कार्यक्रम में इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव तथा शिशुपाल सिंह सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के के सचिव डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

रायगढ़ जिले से कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**बिरहोर युवाओं की शासकीय विभागों में नियुक्ति**

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के पात्र 17 आवेदकों को शिक्षा विभाग में तथा 06 को दूसरे विभागों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। जिनमें से कलेक्ट्रेट के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित धरमजयगढ़ विकासखंड के बृजमोहन बिरहोर व कु.बसंती बिरहोर को जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल और महापौर नगर निगम रायगढ़ जानकी काटजू ने नियुक्ति पत्र सौंपा।

**मेधावी छात्र हुए सम्मानित, वन अधिकार पत्र का हुआ वितरण**

इस अवसर पर एकलव्य आदिवासी विद्यालय के अनुसूचित जनजाति के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। जिनमें कक्षा कक्षा-10 वीं में प्रथम-आमोश भगत, द्वितीय-डिगेन्द्र कुमार एवं तृतीय-गजेन्द्र कुमार तथा कक्षा-12 वीं में प्रथम-अंजन कुमार, द्वितीय-संदीप कुमार एवं तृतीय-फूलेश्वर सिंह शामिल थे। साथ ही 150 लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 02 को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की योजना के तहत ऋषिकेश्वर सिंह को ट्रैक्टर व ट्रॉली प्रदान किया गया।

# टेबल पूल गेम हारने पर नाराज होकर गेम पार्टनर को दोस्तों के साथ मिलकर पीटा

**❒ थाना कोतवाली में चार युवकों पर नामदज हत्या का प्रयास का मामला दर्ज**

**रायगढ़।** दिनांक 08.08.2022 के रात्रि गजानंदपुरम मकान नं. 51 में रहने वाला गौरव मिश्रा पिता संतोष मिश्रा (उम्र 21 वर्ष) थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08/08/22 के शाम करीब 06/30 बजे टेबल पुल खेलने MG रोड इन्द्रजीत सेलकाम गया था। वहां पर पार्टनर बनकर खेल रहे थे। गेम में इसका पार्टनर सचिन मिश्रा था और दूसरी तरफ अमन वर्मा एवं शनि सनसोरा थे। ये अपने पार्टनर के साथ गेम हार गया तब इसका पार्टनर सचिन मिश्रा गंदी गंदी गाली गलौच करने लगा जिसे गाली गलौच करने से मना किया तो पुल खेलने वाले स्टीक से मारपीट करने लगा और सचिन मिश्रा अपने साथी चाहत शुक्ला, राजु (ईला मौल के पीछे वाला ) एवं छोटा बाबु ठाकुर को बुलाया। वे लोग हाथ में राड, हाकी स्टीक, लोहे का पंच लेकर आये और सचिन मिश्रा के कहने पर मां, बहन की गालीयां देते हुये मारपीट किये। आरोपियों के मारपीट से गौरव मिश्रा के सिर में ठुडडी, कंधे, पीठ में चोट आया है। गौरव मिश्रा के रिपोर्ट पर चारों आरोपियों पर धारा 307, 294 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# छेड़खानी व बदनाम कर शादी तुड़वाने पर उतारू युवक पर युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**❒ खरसिया पुलिस ने सिरफिरे युवक पर दर्ज की गैर जमानती अपराध, आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर**

**रायगढ़।** दिनांक 08.08.2022 को थाना खरसिया में थानाक्षेत्र की युवती (उम्र 22 वर्ष) अपने परिजनों के साथ आकर राज कुमार पटैल द्वारा छेड-छाड करने और जान से मारने की धमकी देकर शादी तोड़वाने संबंधी लिखित शिकायत आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

पीड़िता अपने रिपोर्ट में बताई कि राजकुमार पटैल कई महीनों से मुझसे शादी करूंगा कहकर परेशान कर रहा है। दिनांक 09.03.2022 के दोपहर 12 बजे जब सायकल से खरसिया कालेज जा रही थी, तब राजकुमार पटैल पीछा करते नहरपार अंजोरीपाली के पास हाथ, बांह को पकडकर खींचने लगा और शादी करूंगा कहने लगा। युवती बताई कि सुधर जायेगा कहकर शिकायत नहीं की पर जब भी राजकुमार पटैल रास्ते में मिलता है तुमसे की शादी करूंगा और तुम्हारी कहीं शादी नहीं होने दूंगा कहकर धमकी देता है। राजकुमार पटैल अपने साथ मेरा नाम जोडकर गांव में बदनाम करके शादी तोडवाना चाहता है। तब दिनांक 09.03.22 वाली छेड़खानी की घटना और उसके दिये धमकी को परिवारवालों को बताई तो परिवार में सलाह कर थाने में राजकुमार पटैल पर कार्रवाई के लिये आवेदन दिया गया।



पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना खरसिया में आरोपी राजकुमार पटैल (22 साल) के विरूद्ध धारा 354, 354-घ, 506 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नव पदस्थ थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम के निर्देशन पर महिला प्रधान आरक्षक सरोजिनी राठौर और आरक्षक बृजमोहन नायक आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाये जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# देर से स्कूल आने वाली शिक्षिका पर हुई कार्यवाही, रोकी गई वेतन वृद्धि

**❒ कलेक्टर साहू के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने की कार्यवाही**

**❒ अध्यापन हेतु एक अतिरिक्त शिक्षक की भी हुई व्यवस्था**

**रायगढ़।** रायगढ़ विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाखा में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा स्कूल बंद किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर रानू साहू ने तुरंत इसके जांच संबंधी कार्यवाही हेतु आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए थे। शिकायत प्राप्ति उपरांत स.वि.ख.शि.अ.अनिल कुमार साहू, संकूल प्राचार्य उर्दना एवं सीएसी द्वारा शास.पूर्व.मा.शा.लाखा वि.ख.रायगढ़ में उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से शिकायत के संबंध में लिखित बयान लिया गया।



जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार शास.पूर्व. मा.शा.लाखा विकासखण्ड रायगढ़ में 2 शिक्षक पदस्थ है जिसमें 01 शिक्षिका नवा जतन प्रशिक्षण में सम्मिलित होने तथा 01 शिक्षिका कु.सरस्वती चौहान शाला विलंब से पहुंचे जाने पर विद्यार्थी आक्रोशित होकर अपने पालकों को शिकायत किए जाने से स्कूल में ताले जड़ दिए जाने से उक्त स्थिति निर्मित हुई। ग्रामीणों द्वारा उक्त शिक्षिका को अन्यत्र हटाने की मांग की गयी। कु.सरस्वती चौहान शिक्षिका को पूर्व में शाला में समय पर उपस्थित होने, अध्यापन कार्य ठीक से कराने के संबंध में संकूल प्राचार्य/सीएसी द्वारा समझाईश दी गयी थी, किन्तु उनके द्वारा कर्तव्य पालन में लापरवाही बरती गयी। उक्त कृत्य हेतु कु.सरस्वती चौहान का आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने संबंधी कार्यवाही की जाकर संबंधित को भविष्य में गलती की पुनरावृत्ति नहीं करने की समझाईश दी गयी है। राजीव कश्यप शास.पूर्व मा.शाला उर्दना को अध्यापन व्यवस्था के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# ट्रेन के इंजन से टकराई कार, 3 लोगों की दर्दनाक मौत

**❒ चार लोग गंभीर रूप से घायल, सुहेला फ ाटक के पास हुई घटना**

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के सुहेला में रेलवे क्रॉसिंग पर बीती रात बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कार फाटक पार करते समय ट्रेन के इंजन से टकरा गई। इससे एक की मौके पर मौत हो गई है, जबकि 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।

वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, घायलों को इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल है, जिसमें से एक बच्चे की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि सभी सोमनाथ दर्शन कर लौट रहे थे। मामला सुहेला थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार पंहदा रोड बलौदाबाजार और पलारी ब्लॉक की बलौदी गांव से दो बच्चों सहित 8 लोग सावन के अंतिम सोमवार को सोमनाथ दर्शन के लिए कार सीजी 04 एचबी 4071 में सवार होकर निकले थे। सोमनाथ दर्शन कर लौटते समय हिरमी में रहने वाले सुरेश देवांगन के घर जा रहे थे। इस दौरान बुड़गहन गांव के पास अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हिरमी के लिए गई रेलवे लाइन के मानव रहित रेलवे फाटक से गुजरते समय कार ट्रेन से टकरा गई। इससे 2 लोगों की मौत हो गई।

वहीं 7 वर्षीय दिव्यांश, 5 वर्षीय कबीर, 27 वर्षीय मंजू देवांगन, 45 वर्षीय मालिक राम देवांगन और 23 वर्षीय राहुल देवांगन गंभीर रूप से घायल थे। इनमें से एक की मौत हो गई है। बाकी सभी का प्राथमिक उपचार सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद मेकाहारा रायपुर के लिए रिफर किया गया। बताया जा रहा है कि सभी घायलों की स्थिति गंभीर है।

हादसे को लेकर मंगलवार को जनप्रतिनिधियों ने चक्काजाम कर दिया है। दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई है। जानकारी मिलते ही तहसीलदार और सुहेला पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं। जनप्रतिनिधि फाटक लगाने की मांग कर रहे हैं। साथ ही मृतकों उचित मुआवजा देने को कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। तीसरे ने मेकाहारा रायपुर में दम तोड़ दिया।

# सभी आंगनबाड़ियों में मनाया जा रहा वजन त्यौहार : जागरूकता के लिए आज से ब्लॉकों में चलेगा वजन रथ

**❒ 1.20 लाख लक्षित बच्चों में से 70,000 बच्चों का वजन और ऊंचाई की हुई गणना**

**रायगढ़।** बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए जिले में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसमें पालकों को शिशु के पर्याप्त पोषण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिले के 3,408 आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। मंगलवार को छुट्टी के दिन भी जिले के आंगनबाड़ियों में विविध आयोजन हुए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया: "इस वर्ष 1.20 लाख बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापे जाने का लक्ष्य है जिससे बच्चों में कुपोषण का स्तर पता लगाकर योजनाएं बनायी जा सकेगी। इस बार वजन त्यौहार में 0-5 की जगह 0-6 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। अभी तक 70,000 से अधिक बच्चों का वजन और ऊंचाई की गणना की जा चुकी है और उनके पोषण के बारे में उनके पालकों को परामर्श दिया जा चुका है। पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए वजन रथ जिले के सभी ब्लॉकों में चलाया जाएगा। रायपुर से तीन वजन रथ आ रहे हैं। जो कल से तीन-तीन ब्लॉक में जाएंगे।"



मंगलवार को संत विनोबा नगर मोहल्ले के आंगबाड़ी केंद्र का जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने दौरा किया। जहां उन्होंने 4 साल की हीना परवीन और 4 माह के सूर्य प्रकाश का वजन किया और ऊंचाई नापी। दोनों ने 5 साल की हितग्राही प्रियांशी यादव की माता पूनम यादव से आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके बाद आंगनबाड़ी में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी जानी और बच्चों से खाने के बारे में पूछा। सभी बच्चों ने अपने खिलौने की खाने की तारीफ की।

आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका सीता साहू ने बताया: "आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से ऐसी महिलाओं को तिरंगा थाली जिसमें तीन प्रकार की भोजन सामग्री हो, साथ ही बेहतर पोषण बच्चे को कैसे मिलेगा और केंद्र से दिए जाने वाला पोषण आहार भी उनको दिया जाता है। हमारे द्वारा गृह भेंट के माध्यम से स्वस्थ माता और स्वस्थ शिशु के बारे में भी बताया जाता है।"

जूटमिल क्षेत्र की सेक्टर सुपरवाइजर क्रीति देवांगन का कहना है " वजन त्यौहार के अंतर्गत इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर रखना और उनके पोषण के स्तर में सुधार लाना है। आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाली गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को बच्चों को स्वस्थ रखने के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही स्तनपान को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है।"

महिला एवं बाल विकास विभाग के शहरी परियोजना अधिकारी नितेन रंजन बेहरा बताते हैं :" आंगनबाड़ी में आने वाली शिशुवती और गर्भवती महिलाओं को शिशु के लिए स्तनपान के महत्व की जानकारी दी जाती हैं। शिशु के संपूर्ण विकास के लिए 6 माह तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए। बच्चों को स्तनपान की बजाय बोतल का दूध पिलाना गलत है। क्योंकि मां का दूध बच्चे के लिए अमृत होता है। शिशु के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास और रोगों से लड़ने की ताकत शिशु को मां का दूध ही देता है। इसलिए जन्म के छह माह तक शिशु को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए।"

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480